# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रैली निकाली

■ इस अवसर पर सामाजिक, समरसता और शिक्षा पर दिया जोर

**करौली/भरतपुर/धौलपुर (निसं)।** भारत रत्न और भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं और 136वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न जिलों में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। करौली, हिण्डौनी, भरतपुर, डीग और धौलपुर में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और शैक्षिणक संस्थानों ने रैलियों, विचार गोष्ठियों और पुष्पांजलि कार्यक्रमों के माध्यम से बाबा साहेब को याद किया।

**विशाल रैलियां और भव्य आयोजन :-** डीग जिले में कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 27 बैंडों और मनमोहक झांकियों के साथ एक विशाल रैली निकाली गई, जो शहर के मुख्य बाजारों से गुजरी। भरतपुर के बजरंग नगर में आयोजित समारोह में सांसद संजना जाटव और पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने भाग लिया, जहां नीले झंडों और "जय भीम" के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर सांसद ने डॉ. अंबेडकर भवन और श्मशान में हॉल निर्माण की घोषणा भी की।

**शिक्षा और सामाजिक सुधार पर संगोष्ठी :-** हिण्डौन और करौली के राजकीय महाविद्यालयों में संगोष्ठियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के नारे को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में समानता और जागरूकता लाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। हिण्डौन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम और दिशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**राजनीतिक विमर्श और ऐतिहासिक संदर्भ :-** धौलपुर और करौली में आयोजित कार्यक्रमों में बाबा साहेब के राजनीतिक योगदान पर भी चर्चा हुई। पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने कहा कि यदि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 1940 में बाबा साहेब की बातों को गंभीरता से लिया होता, तो देश को विभाजन की विभीषिका नहीं झेलनी पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सदैव उनके विचारों का विरोध किया। वहीं, वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहेब से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने के प्रयासों की सराहना की।

**संविधान और समानता का संकल्प :-** विभिन्न जिलों के कलेक्टरों और जिला अध्यक्षों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है और यह विश्व का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है जो हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है। कार्यक्रमों के अंत में उपस्थित नागरिकों ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## भागवत कथा में व्यासजी का भव्य स्वागत

**भरतपुर (निसं)।** जिले के महुआ सिनपिनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व्यास कृष्ण चंद्र ठाकुर का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के माहौल में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा व्यासजी को माला, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान किया। इस मौके पर आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी सर्वशक्ति मित्र मंडल फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल एवं सुशील कुमार शर्मा का भी माला, पटका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को नैतिक मूल्यों और संस्कारों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। व्यास श्री कृष्ण चंद्र ठाकुरजी ने अपने प्रवचनों में कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सही दिशा देने और ईश्वर भक्ति के माध्यम से आत्मिक शांति प्राप्त करने का सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से जीवन में धर्म, सेवा और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा, समाजसेवी हरीश पाठक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, रामेश्वर दयाल अमीन, दिनेश शर्मा, दुष्यंत शर्मा, समाजसेवक राजेंद्र भारद्वाज, पंडित बनवारीलाल, अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा, नेमीचंद मुद्गल, पुष्पेंद्र बरसानिया, मनोज भारद्वाज (भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष), रमेश चंद्र शर्मा, बबीता शर्मा, ममता शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, रिटायर्ड आर्कियोलॉजिकल विभाग, समाजसेवी राजेंद्र दंडोतिया, लालचंद शर्मा, रिटायर्ड सहायक अभियंता देवकीनंदन शर्मा, जयशंकर टाइगर क्लब अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, सचिव पीयूष टाइगर एवं ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष दीप्ति शर्मा, शिशुपाल लवानिया शिक्षाविद् तथा मुकेश शर्मा हेडमास्टर, मुकेश, विष्णु सहित अनेक गणमान्य भक्त उपस्थित रहे।

## करौली जिले में 1 से 15 मई तक स्व-गणना अभियान

■ डिजिटल स्व-गणना सुविधा उपलब्ध है

**करौली (निसं)।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) चरण आयोजित किया जाएगा। आर्थिक एवं संख्यिकी विभाग के उपनिदेशक एवं उपजिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशन में यह अभियान 898 ग्रामों एवं 6 शहरी क्षेत्रों में संचालित होगा, जिसमें लगभग 2800 प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संकलित करेंगे।

इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल स्व-गणना सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसके तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य फील्ड स्टाफ के माध्यम से आमजन को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नुक्कड़ नाटक, जनगणना चौपाल, रैली, हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर व पेंटिंग प्रतियोगिताएं तथा मैराथन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के दौरान मकान की स्थिति, परिवार से संबंधित विवरण, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से जुड़े लगभग 33 बिंदुओं पर जानकारी संकलित की जाएगी। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्व-गणना सुविधा का अधिकतम उपयोग करें तथा जनगणना 2027 को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## 3 लाख 80 हजार कि स्मैक व मोटरसाइकिल जप्त

■ स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 .81 ठाम स्मैक जप्त की जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3 लाख 80 हजार की है साथ ही उपयोग में ली जा रही मोटर साइकिल जप्त किया

**करौली (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में चल रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने गस्त के दौरान एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 .81 ग्राम स्मैक जप्त की जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3 लाख 80 हजार की है साथ ही उपयोग में ली जा रही मोटरसाइकिल जप्त कर मुकदमा दर्ज किया। इन दोनों जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिले भर में स्मैक अवैध शराब अवैध बजरी बाहन चोरी वारंटी आदि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चल रहे अभियान के तहत पुलिस प्रशासन खूब कारवाई कर रहा है उसके उपरांत भी बदमाश अपराधों की घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं कोतवाली पुलिस के वासुदेव प्रसाद उप निरीक्षक के नेतृत्व में विक्रम सिंह हेड कांस्टेबल टीकेंद्र कांस्टेबल सत्येंद्र कांस्टेबल हेमराज कांस्टेबल चालक ने गस्त के दौरान सक के आधार पर एक मोटरसाइकिल चालक को रोका पुलिस के रोकने पर चालक चकराया जिसके चक्कर आने पर पुलिस ने तलाशी ली जिसके पास 18 . 81 ग्राम स्मैक पाई गई जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 3 लाख 80 हजार है उन्होंने बताया कि उपयोग में ली जा रही मोटरसाइकिल जप्त गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई वासुदेव प्रसाद उप निरीक्षक ने बताया कि जिसका नाम पता पूछने पर प्रवीण शर्मा पुत्र मोहनलाल शर्मा निवासी पांडे रूपबास अलवर होना पाया गया इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया उन्होंने बताया कि जिससे पूछताछ की जा रही है और भी स्मैक तस्कर के नाम खुलने की संभावना है।

## यूजीसी कानून के विरोध में निकला मशाल जुलूस, युवाओं का जोश चरम पर

■ भाषा क्षेत्र जाति गोत्र पंथ संप्रदाय कितने और आधार चाहिए

■ वीर रस के कवि संजय हिंदुस्तानी ने - दुश्मनी मोल मैंने तो महंगी कविता सुनाई

**करौली (निसं)।** यूजीसी विरोधी संघर्ष समिति के तत्वावधान में सोमवार को शहर में एक भव्य मशाल जुलूस का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। यह जुलूस पुरानी नगर पालिका से प्रारंभ बड़ा होकर फूटा कोट, सदर बाजार, बाजार, वजीरपुर गेट होते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुआ।

संघर्ष समिति के सहसंयोजक नरेश सिंह बिनेगा ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलूस प्रारंभ होने से पूर्व आयोजित सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष ऊधो सिंह एडवोकेट ने यूजीसी कानून को जनविरोधी बताते हुए कहा कि ऐसा कानून मुगल और अंठोज शासनकाल के इतिहास में पढ़ने और सुनने को नहीं मिलता। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वतंत्र भारत में वोटो की राजनीति के चलते समाज को जातिगत आधार पर विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

सभा को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी, अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद अठावाल तथा पूर्व सरपंच महेश सिंह रामपुरा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब तक यूजीसी जैसा काला कानून वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

पंडित रमेश शास्त्री पाचोली बाले ने जागरूक रहकर समाज की समरसता बिगाड़ने वाले कानूनों का हम सबको मिलकर विरोध करना चाहिए विरोध नहीं करने की स्थिति में ही ऐतिहासिक रूप से भारत पर अंग्रेज और मुसलमानों ने लंबे समय तक शासन किया। समाजों कि आपसी फूट के कारण ही आक्रांताओं ने भारत की धन संपदा को लूटने का कार्य किया। मशाल जुलूस के दौरान युवा वर्ग हाथों में जलती मशालें लेकर यूजीसी रोलबैक के जोरदार नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे पूरे मार्ग में युवाओं का जोश और उत्साह देखने लायक था। बाजारों में जगह-जगह लोग अपने घरों की छतों और दुकानों के सामने पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत करते नजर आए।

जुलूस के समापन पर पुरानी कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित हनुमान मंदिर पर सभी आंदोलनकारियों ने एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा केंद्र सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान हनुमान जी की जय, यूजीसी रोलबैक जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

## मोटरसाइकिल सहित चोर 24 घंटे में गिरफ्तार

**करौली (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने बाजार के सराफा बाजार से चोरी गई मोटरसाइकिल को चोर सहित 24 घंटे में गिरफ्तार किया जिला पुलिस अधीक्षक लोकेशन वालों के दिशा निर्देशन में जिले भर में चल रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा किया। कोतवाली के रामनिवास सहायक उप निरीक्षक के ने बताया कि गत 11 अप्रैल को यहां के सराफा बाजार से महेंद्र माली की मोटरसाइकिल चोरी गई थी।


**पश्चिम मध्य रेल**

कार्यालय मण्डल रेल प्रबंधक, कोटा ■ आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना

संख्या: सी–548/4/4 ATVM Facilitator Vol-V ■ दिनांक: 09.04.2026

**रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है**

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, प.म.रे., कोटा द्वारा** निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **आवेदन अधिसूचना सं:** सी-548/31/ATVM/2026. **कार्य का नाम: रेलवे के ग्रुप 'सी एवं डी' सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 3% बोनस आधार पर टिकट वितरण का कार्य करने के लिए एटीवीएम मददगार की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 29.04.2026 (बुधवार) 17.00 बजे तक। **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 30.04.2026 (गुरुवार) 13.00 बजे तक। **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समय:** 30.04.2026 (गुरुवार) 16.00 बजे। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट **www.wcr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

*वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


## मकान से 10 लाख की चोरी, नकदी और आभूषण ले उड़े चोर

■ चोरों ने मकान की छत की पट्टी उखाड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया

**हिंडौन (निसं)।** तिघरिया गांव में एक मकान से चोरों ने नकदी और आभूषण सहित करीब 10 लाख रुपए की चोरी कर ली। पीड़ित विजेंद्र प्रजापति पुत्र गिर्राज प्रजापति ने सोमवार को नई मंडी थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरों ने मकान की छत की पट्टी उखाड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर लगभग 70,000 रुपए नकद और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात ले गए।

चोरी हुए आभूषणों में कोदंडी पायजेब, कंडे, साठ माला, नथ, टीका, मटर माला, कंठी और नाक का फूल शामिल हैं। चोरी गए कुल माल की अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना का पता सुबह तब चला जब परिजनों ने घर का सामान बिखरा हुआ देखा और छत की पट्टी उखाड़ पाई। परिवार ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई और चोरी हुए माल की बरामदगी की गुहार लगाई है।

मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता विष्णु प्रजापति तुरंत नई मंडी थाने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और पुलिस अधिकारियों से बात की। प्रजापति ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस से जल्द चोरों का पता लगाने और चोरी का माल बरामद करने की मांग की।

## जय भीम के जयकारों के साथ अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



■ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत सम्मान

**सूरौठ (निसं)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती भीमराव अंबेडकर भवन, सूरौठ में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब जी के चित्र पट्ट के समक्ष पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की गई पूर्व अध्यक्ष जाटव समाज धर्मसिंह, राहुल बंशीवाल, रतन बंशीवाल, राधेश्याम, गुरूदत्त सरस व वर्तमान जिला जाटव समाज सूरौठ तहसील अध्यक्ष प्रसादी लाल बाबूजी ने जानकारी देते हुए बताया कि

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि करौली-धौलपुर सांसद प्रत्याशी इंदु देवी जाटव रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अंबेडकर जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष मोहर सिंह सरस द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व नत्थू सिंह राजावत, रामवतार कम्पाउण्ड, वेदप्रकाश शर्मा, राजीव शुक्ला, मोहरसिंह सैनी, रजनीश मीना, केदार मीना, दौलत मीना, हंसराज मीना, बृजेश भारद्वाज, प्रमोद तिवारी, मोहित राजपूत, विशन महावर, महादेवा जांगिड़, पुरुषोत्तम जांगिड़, रतन कोली, कमलेश कोली, घनश्याम गोयल, देवानंद गुप्ता , दिनेश सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमराज जाटव द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने बाबासाहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। अतिथियों का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जाटव समाज के पंच-पटेल जीवनराम, करण सिंह, राहुल भाई, धर्मसिंह, उदय सिंह, शिवचरण लाल (सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य), संतोष ठेकेदार, रामनिवास मास्टर, सुभाष बंशीवाल, अखिलेश, दौलतराम, राजूलाल, सोरनलाल, बनी, नीरज बंशीवाल, किरोड़ी, श्रीमन, फेतूलाल (पूर्व पंचायत समिति सदस्य) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अंबेडकर आश्रम से प्रारंभ होकर गंगापुर-भरतपुर मेगा हाईवे, एस.बी.आई. बैंक, गांधी स्मारक चौराहा, पीएनबी बैंक शाखा होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पर पहुंची। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं जलपान कराकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी में शोभायात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई, जिसमें हजारों लोग शामिल रहे।

## बोलेरो व बाइक की भिड़ंत में 3 की जान गई

■ हादसे में मामला हुआ दर्ज, 3 के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

**धौलपुर (निसं)।** राजाखेड़ा थाना इलाके के सिद्यापुरा गांव के खुन्नी बाबा की गुफा पास सोमवार शाम करीब 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई और परिवार सहित आसपास कोहराम मच गया जिसको लेकर परिजनों के द्वारा राजाखेड़ा थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज करवाकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए थाने में दर्ज मामले में मृतक के परिजन दयाशंकर ने बताया कि मेरी माँ शकुंतला पत्नी छबिराम व चचेरा भाई सचिन कुमार पुत्र भान सिंह, चाची भूरी पत्नी भान सिंह निवासी बाबरपुर एक शादी समारोह में मानोना आगरा शामिल होने के लिए जा रहे थे जो कि सिद्यापुरा गावं के खुन्नी बाबा गुफा के पास एवं मोड पर एक वाहन के इंतजार में खड़े हुए थे जब कोई वाहन नहीं मिला तो बाइक को मोड़ पर बुलवा लिया और बाइक को एक साइड में खड़ा कर दिया वहीं बाइक के पास शकुंतला, सचिन एवं भूरी खड़े हो गए तभी पिनाहट की तरफ से एक बोलोरो चालक तेज गति के साथ लापरवाही से चलाकर ला रहा था और वहां खड़े तीनों को बाइक सहित भयंकर टक्कर मार दी जिससे तीनों को गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई और बोलोरो चालक बोलोरो छोड़कर मौके से भागकर निकल गया।

घटनास्थल पर मौजूद लाखन सिंह, विपत्ति राम ने चालक की लापरवाही को देखा साथ ही चाची शकुंतला व भूरी देवी शादी में जाने के लिए सोने चांदी के जेवरात पहनकर जा रही थी और उनके पास बैग था उसमें कुछ जेवरात थे जिस बैग को मौके से लेकर भाग गए वहां मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों मृतकों को संभाला उसका फायदा उठाकर ये लोग भाग निकले।

### कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नादौती जिला करौली

क्रमांक : भूमि अवाप्ति/व्यावर-भरतपुर ग्री.ए.वे./2026/231-235 दिनांक: 11.04.2026

**आम सूचना / जनसुनवाई**

राजस्थान राजपत्र विशेषांक दिनांक 26 दिसंबर 2025 के माध्यम से राजस्थान के करौली जिले के उपखण्ड नादौती में पैकेज 4: ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अवाप्ति के लिए निम्नांकित गांवों में भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधीनियम 2013 एवं राजस्थान नियम 2016 के अधीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि अवाप्ति करने हेतु भूमि अर्जन से पूर्व सामाजिक समाघात अध्ययन (S.I.A.) / सामाजिक प्रभाव आंकलन किया जाना प्रावधित है।

इस बाबत प्रभावित गांवों की सूची संलग्न है जिनके निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार भूमि अर्जन हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त प्रभावित व्यक्तियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

| क्र. सं. | तहसील का नाम | प्रभावित राजस्व ग्राम का नाम | जनसुनवाई दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नादौती | गुडली, गढी खेमपुर, मोरेची जागीर, शहर कैमला, खुडाचैनपुर | 27.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | अटल सेवा केंद्र ग्राम पंचायत शहर सोप |
| 2. | नादौती | ल्हावद, सोप, हाफजाबाद,कुंजेला,मिलक सराय, | 28.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | अटल सेवा केंद्र ग्राम पंचायत सोप |

भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं
उपखंड अधिकारी, नादौती
जिला- करौली

### कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, हिण्डौन सिटी जिला-करौली

क्रमांक:- 30-34 दिनांक: 11.04.2026

**आम सूचना / जनसुनवाई**

राजस्थान राजपत्र विशेषांक दिनांक 26 दिसंबर 2025 के माध्यम से राजस्थान के करौली जिले के उपखण्ड हिण्डौन की तहसील श्रीमहावीरजी, हिण्डौन, सूरौठ में पैकेज 4: ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अवाप्ति के लिए निम्नांकित गांवों में भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधीनियम 2013 एवं राजस्थान नियम 2016 के अधीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि अवाप्ति करने हेतु भूमि अर्जन से पूर्व सामाजिक समाघात अध्ययन (S.I.A.) / सामाजिक प्रभाव आंकलन किया जाना प्रावधित है।

इस बाबत प्रभावित गांवों की सूची संलग्न है जिनके निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार भूमि अर्जन हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त प्रभावित व्यक्तियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

| क्र. सं. | तहसील का नाम | प्रभावित राजस्व ग्राम का नाम | जनसुनवाई दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमहावीर जी | कांदरौली, सनैट का पुरा, पटौंदा, कजानीपुर | 21.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | तहसील मुख्यालय श्रीमहावीर जी |
| 2. | हिण्डौन | काचरौली, खेडा, फुलवाडा, बन्ध का पुरा, हिण्डौन, करसौली, बाढ़ करसौली, नरसिंहपुरा, कारवाड़ीजट्ट, कल्याणपुर सायटा, बुर्जावाड़ा, जमालपुर, मनेमा, रीठौली, फैली का पुरा, टोडूपुरा, गांवड़ा मीना, गांवड़ागूजर, गढ़ी पट्टी | 22.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | उपखंड कार्यालय हिण्डौन |
| 3. | सूरौठ | रारा शाहपुर, हाडोली, शेरपुर, चक शेरपुर, खेड़ी हैवत, सौमली, सोमलारात्रा, जगनत्था, जटवाड़ा, भुकरावली | 23.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | तहसील मुख्यालय सूरौठ |

भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं
उपखंड अधिकारी, हिण्डौन
जिला- करौली

### कार्यालय भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, करौली जिला-करौली

**आम सूचना / जनसुनवाई**

राजस्थान राजपत्र विशेषांक दिनांक 26 दिसंबर 2025 के माध्यम से राजस्थान के करौली जिले के उपखण्ड करौली में पैकेज 4: ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि अवाप्ति के लिए निम्नांकित गांवों में भूमि अर्जन पुनर्वासन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता अधीनियम 2013 एवं राजस्थान नियम 2016 के अधीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि अवाप्ति करने हेतु भूमि अर्जन से पूर्व सामाजिक समाघात अध्ययन (S.I.A.) / सामाजिक प्रभाव आंकलन किया जाना प्रावधित है।

इस बाबत प्रभावित गांवों की सूची संलग्न है जिनके निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार भूमि अर्जन हेतु जनसुनवाई बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त प्रभावित व्यक्तियों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

| क्र. सं. | तहसील का नाम | प्रभावित राजस्व ग्राम का नाम | जनसुनवाई दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली | अगर्री, बल्लूपुरा, मांची, गुडला, सिलपुरा | 29.04.2026 प्रात: 11:00 बजे | राजीव गांधी अटल सेवा केन्द्र गुडला तहसील करौली |

भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं
उपखंड अधिकारी, करौली
जिला- करौली

